

एक नजर में

## सरदारपुर से बागेश्वर धाम पदयात्रा आज से

**सरदारपुर।** सरदारपुर से बागेश्वर धाम पदयात्रा के लिए गोपाल रामचंद्र गेंदर साथी भक्तजनों के साथ मंगलवार सुबह 10 बजे नगर के श्रीराम चौराहा से रवाना होंगे। रवाना होने से पहले पदयात्री जन श्रीराम मंदिर पहुंचकर श्रीराम, हनुमानजी का आशिर्वाद प्राप्त करेंगे। साथ ही पदयात्रियों का स्वागत किया जाएगा। श्रीराम मन्दिर पुजारी राजेश मिश्रा ने बताया कि पदयात्रियों के बागेश्वर धाम पहुंचने पर प्रसिद्ध कथावाचक हनुमानजी के अनुयायी पंडित धीरेन्द्र शास्त्री का आशिर्वाद लेकर सरदारपुर श्रीदादा दयालु हनुमान सरदारपुर पधारने का आग्रह किया जाएगा।

## श्रीराम जी की शोभायात्रा निकाली गई



**बाकानेर।** रामनवमी के उपलक्ष में श्री राम मंदिर समिति के तत्वाधान में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा चेतन कॉलोनी श्री रामेश्वर मंदिर से प्रारंभ होकर प्राचीन श्री राम मंदिर पहुंची जहां पर श्री राम जी की पूजा अर्चना का आरती की। शोभायात्रा में बग्गी पर श्रीराम जी के चित्र को विराजमान कर मुख्य मार्ग व्से होते हुए श्री राम मंदिर पहुंची शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष धार्मिक भजनों पर थिरक रहे थे विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल एवं दुर्गा वाहिनी की बहने एवं सामाजिक संगठनों का सहयोग रहा श्री राम मंदिर के पुजारी श्री अरविंद सदावर्ते ने सभी श्रद्धालुओं का अभिनंदन कर आभार प्रकट किया

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने आंगनबाड़ी में बच्चों से की मुलाकात



**धार।** 6 अप्रैल भाजपा स्थापना दिवस से 14 अप्रैल डॉ. भीमराव अंबेडकर जी जयंती तक भारतीय जनता पार्टी द्वारा अनेको रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को कुशाभाऊ ठाकरे मंडल द्वारा बुथ क्रमांक 111 मे स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के बीच पहुंचकर मिठाई एवं बिस्किट वितरीत किये। इस दौरान नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा अपनी शैक्षणिक योग्यता अनुसार अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। जिनकी उपस्थिति भाजपा पदाधिकारीयों ने भूरी-भूरी प्रशंसा की। इस दौरान कुशाभाऊ ठाकरे मंडल द्वारा गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए स्वच्छ व ठंडा जल उपलब्ध करने हेतु एक मिट्टी की नाद भेंट की। इस उत्सव पर कुशाभाऊ ठाकरे मंडल अध्यक्ष जयराज देवड़ा, वरिष्ठ नेता डॉ.शरद विजयवर्गीय, ज्ञानेंद्र त्रिपाठी, पूर्व मंडल अध्यक्ष, नितेश अग्रवाल, मुन्ना लाल राठौर, प्रकाश टामकिया, सन्नी होड़ा, रॉकी आहूजा, नितिन चौहान, नमन रावल, भय्यु राम, सुरेश प्रजापत, पप्पू डामोर, बूथ अध्यक्ष धर्मेंद्र बघेल, कालू सेन व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सामाजिक कार्यकर्ताओं की बैठक

**धार.** कलेक्टार की अध्यक्षता में कलेक्ट्र सभा कक्ष में धार जिले के स्वै च्छिक संगठनोके पदाधिकारीए सामाजिक कार्यकर्ता के साथ 30 मार्च से 30 जूनए2025तक प्रदेश में ष्जल गंगा संवर्धन अभियानष् के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियो का आयोजन किये जाने हेतु रूपरेखा तैयार की गई । जिसमें विभिन्न स्थाकनीय संगठनो के पदाधिकारियों द्वारा अपने कार्यो एवं परिचय को रखा गया । मध्यवप्रदेश जन अभियान परिषद के नवांकुर समितियों के द्वारा विभिन्नख जल संरक्षण के कार्यो को रखा गया । बैठक के दौरान आये सदस्योंा एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के द्वारा विभिन्न विषयों पर कार्य करने हेतु बावडीकुंड तालाब गहरीकरण पानी की तालाब में आवक बनानेवाटर हार्वेस्टींयग को बढावा देनाएवं एनजीओ द्वारा स्थाीनो कोचयन कर कार्य करनेएवं आगामी दिवसो में कार्ययोजना बनाकर कार्य शुरू के विषय पर चर्चा की गई । कलेक्टदर महोदय के अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत धारएडीएम धार समस्तर एसडीएमए एवं जिला अधिकारी उपस्थिति रहे । मध्याप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वायकए विकासखण्डल समन्वायकएनवांकुरएप्रस्फुंटनए सीएमसीएलडीपी छात्रध्छात्रा एवं मेंटर्स उपस्थित रहे ।

## रामेश्वर हलालऊकार का स्वर्गवास



**सरदारपुर.** जानी बाई के पुत्र मोहन लाल स्वर्गीय पन्नालाल एवं शंकर लाल एवं मोतीलाल ईश्वरलाल एवं अशोक के बड़े पिताजी थे रामेश्वर जी हलाल, पुकार वाले अपने पीछे अपने सात बेटियों को, छोड़ गए हैं बेटी जसोदा सुगना गायत्री सीमा देवकन्या ज्योति हेमा व जिनकी अंतिम यात्रा मुक्तिधाम दसई पर किया गया श्रद्धांजलि समाज के वरिष्ठ नागरिक रिश्तेदार परिवार के द्वारा अर्पित की गई

## मां चामुंडा माता मंदिर पर सप्त चंडी अनुष्ठान



**नागदा।** फोरलेन मार्ग स्थित चामुंडा माता मंदिर पर चैत्र नवरात्रि पर्व श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमे माँ अम्बे की प्रतिदिन पूजा अर्चना के साथ नवदिवसीय सतचंडीय अनुष्ठान आचार्य पं. नरेन्द्र शर्मा, पं. धर्मेंद्र शर्मा, पं. माखन वैष्णव, पं. पियूष शर्मा, पं. राज शर्मा, पं. अंकित शर्मा, एवं पं. तुषार बैरागी के सानिध्य मे यजमान सुनील सॉखला ने सपत्नि हवन मे आहुतियाँ दी। चैत्र नवरात्री की पूर्णाहूति सोमवार को यज्ञ, कन्या पूजन व कन्या भोजन के साथ पूर्ण हुई। भक्तो से शर्मा ने कहाकि सतचंडी अनुष्ठान से जीवन मे सुख समृद्धि और सफलता की प्राप्ती होती है। बीमारी का भी निवारण होता है। भगवान श्रीराम का प्रगटोत्सव रविवार को यहाँ मंदिरों मे उत्साह पूर्वक मनाया गया। किसान चौक स्थित श्रीराम मंदिर, माली समाज मंदिर, गुजराती दर्जी समाज के श्रीराम लक्ष्मीनारायण मंदिर, सरकारी मंदिर, सालवी समाज मंदिर, बस स्टेण्ड स्थित मंदिर, अटल मार्केट मंदिर आदि मंदिरो मे ठीक 12 बजे घंटे घ?ियाल की आवाज के साथ ही महाआरती की गई। आरती के बाद धनिये की पजेंरी प्रसाद वितरण की गई। मंदिरों पर महिलाओं द्वारा भगवान के जन्मोत्सव पर भक्ति भाव से भजन गाए गए। ग्राम माकनी मे श्री राम मंदिर, ग्राम खजुरिया, बामन्दा कला, क?ौद खुर्द, दौलतपूरा, कलसा?ा, मनासा आदि गांवो मे भी श्रीराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

# मांडू में भाजपाईयों ने मनाया पार्टी का स्थापना दिवस

## विक्रम वर्मा स्थानीय विधायक कालू सिंह ठाकुर धार विधायक नीना वर्मा की उपस्थिति में

**मांडू. नालछा मंडल के मांडव में चतुर्भुज श्री राम मंदिर प्रांगण में बूथ क्रमांक 84 पर पार्टी के पितृ पुरुष श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी एवं प.दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर देवतुल्य कार्यकर्ताओ के साथ माल्यार्पण कर और पार्टी का ध्वज लहराकर पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया।**

इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री विक्रम वर्मा जी ने बताया कि काफी संघर्षों के बाद भारतीय जनता पार्टी को पूरे विश्व में सबसे बड़ी पार्टी का दर्जा मिला है भारतीय जनता पार्टी पंक्ति में खड़े आखिरी व्यक्ति तक अपनी योजनाओं का लाभ मिले इस हेतु प्रयास करती है साथ ही मालीपुर क्षेत्र से पधारे 70 से 80 साल के बुजुर्गों से मिलकर कार्यकर्ताओं को बताया और प्रेरणा दी की यह हमारे 70 से 80 साल पुराने



भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता है आज भी यह मालीपुर पैदल चलकर आते हैं उन्होंने अपने अनुभव साझा किया

विधायक कालू सिंह ठाकुर ने अपने उद्बोधन में बताया कि हम बड़े भाग्यशाली हैं कि आज विश्व पर्यटन नगरी मांडू में विराजित चतुर्भुज सरकार के चरणों में हम भारतीय जनता पार्टी का 46 व स्थापना दिवस मना रहे हैं उन्होंने कहा कि मैं बता दूं कि भगवान राम मांडू में इच्छापूर्ण राम के स्वरूप में विराजित हैं जो भी पूरे दिन में एक बार सच्ची आत्मा से भगवान राम के दर्शन कर लेता है उसकी सभी इच्छाएं पूर्ण हो जाती हैं यह स्वरूप भगवान राम ने रावण को मुक्ति हेतु दर्शन कराए थे भारतीय जनता पार्टी उनके कार्यकर्ताओं का बहुत-बहुत धन्यवाद साधुवाद इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री आदरणीय श्री विक्रम वर्मा जी, धार विधायक श्रीमती नीना वर्मा धरमपुरी के लोकप्रिय विधायक कालू सिंह ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष रविंद्र परिहार रघु निनामा, नगर पंचायत उपाध्यक्ष कृष्ण यादव, विधायक प्रतिनिधि सुधांशु तिवारी सोमनाथ जी तिवारीभाजपा बुनकर प्रकोष्ठ जिला संयोजक नेहा जायसवाल सोनू यादव, युवा नेता यश यादव, पार्षद प्रतिनिधि विजय ठाकुर पार्षद रतन बामनिया नंदू वसुनिया पुरुषोत्तम कमल शिवदे भारत यादव समस्त पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# गर्मी की दस्तक से बढ़ी स्वदेशी फ्रिज की मांग

▶ सजने लगी मटकों की दुकाने

**सिंघाना. हम कितने भी आधुनिक हो जाएं, लेकिन पारंपरिक चीजों का अपना अलग महत्व है, इसके पीछे सबसे ब?ी वजह है, इनका उपयोग हमारे स्वास्थ्य लाभ के लिए हितकारी होता है, हम बात कर रहे हैं मिट्टी से बने मटकों के बारे में जिनकी इस गर्मी में डिमांड बड़ी हुई है।**

गर्मी का मौसम के शुरू होते ही सूरज ने भी तेवर दिखने शुरू कर दिए हैं,तपीश बढ़ने से देसी फ्रिज यानी मिट्टी के मटकों की मांग में तेजी आ गई है, समय के साथ मिट्टी के मटकों के बनावट, रंग, आकार और डिजाइन में भी कई बदलव आए हैं, जो ग्राहकों को आकर्षित कर रहे हैं, मटके में रखा पानी शीतल होने के साथ स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता हे, आज लोग ऑर्गेनिक खाद्य पदार्थों का सेवन करना ज्यादा पसंद करते हैं, इसलिए लोगों को मिट्टी के मटके और सुराही में रखा पानी पीना ज्यादा पसंद आता है।

मार्च माह समापन की ओर हे,निमाड़ क्षेत्र के सिंघाना में की भीषण गर्मी ने दस्तक दे दी है, देसी फ्रिज के नाम से मशहूर मिट्टी के मटकों की मांग तेजी से बढ़ने लगी हे। सिंघाना के बस स्टैंड मनावर रोड पर मिट्टी के बर्तनों की दुकानों पर चहल-पहल बढ़ गई है, नगर के अलावा अन्य क्षेत्रों से भी मटके यहां बिकने के लिए आ रहे हैं, और इस बार विभिन्न प्रकार के मटके बाजार में देखने को मिल रहे हैं, खास तौर पर गर्मी को देखते हुए डिजाइन वाली सुराही व मटके और मिट्टी के पानी की बोतल काफी लोगों को पसंद आ रही हैं। कुछ दिन से मौसम में गर्म हवा और सूर्य की तपन बढ़ने लगी है, जिससे लोगों में ठंडा पानी पीने की चाहत होने लगी है, इसके साथ ही बाजार में मटका खरीदने वालों की संख्या भी बढ़ रही है।

शौक और सेहत का संगम-मटकों की मांग सिर्फ जरूरतमंदों तक सीमित नहीं है। आर्थिक रूप से संपन्न लोग भी इन्हें खरीदने में रुचि दिखा रहे हैं। आयुर्वेद कहता है कि घर में भले ही फ्रिज हो लेकिन मटके के पानी का स्वाद और ठंडक अनोखी होती है। इसमें पानी पीने से मिट्टी की सौंधी खुशबू और हल्की मिठास मिलती है। साथ ही, स्वास्थ्य को लेकर भी कोई चिंता नहीं रहती। में ओर मेरा पूरा परिवार सालों से मटके का पानी पीते हैं, इस तरह सिंघाना में गर्मी के बढ़ते तापमान के बीच मिट्टी के मटके न सिर्फ राहत का जरिया बन रहे हैं, बल्कि लोगों के शौक और परंपरा को भी जिंदा रख रहे हैं।

मटके का पानी सेहत के लिए लाभकारी- डॉ.भूतल राठौड़ बताते हैं कि मटके के पानी में पोषक तत्व और मिनिरल्स होते हैं,शरीर में ग्लूकोज को बनाए रखता है व सन-स्ट्रोक से बचाता है,पाचन और मेटाबॉलिज्म में सुधार लाता है,मिट्टी में एंटी-इंफ्लेमेटरी तत्व पाए जाते हैं, शरीर का दर्द, ऐंठन और सूजन की समस्या कम होती है,आर्थराइटिस जैसी बीमारी में भी आराम मिलता है,गैस की समस्या में राहत पहुंचाता है.,आयरन की कमी को भी दूर किया जा सकता है, मिट्टी के बर्तन का पानी गर्मी में शरीर को लिए भरपूर ऊर्जा देता है।

5



### क्षेत्र में मिट्टी नहीं मिलने से बाहर से ला रहे बने मटके

मिट्टी के बर्तन यानि मटके आदि बनाने के लिए पहले मिट्टी आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में मिल जाती थी। वहीं मिट्टी सर्वोत्तम मिट्टी होती थी, लेकिन अब आस पास मिट्टी मिलना बंद हो गई है। अन्य जगहों पर भी मिट्टी नहीं मिल पा रही। मिट्टी नहीं मिलने से कुम्हारों का काम-धंधा ही चौपट हो गया है। इस कारण मिट्टी के बर्तन बनाने का धंधा छूटता जा रहा है। अब सिंघाना के कुम्हार बड़वानी जिले के तलवाड़ा डेब, मेघनगर व बाग से मिट्टी के बने बनाए बर्तन लाकर यहां बेचने लगे हैं। किराया-भाड़ा एवं मजदूरी लगाकर यह काफी महंगा पड़ने लगा है। जिससे मुनाफा कम होता है। मटका बनाने वाले कारीगर ने बताया कि मटका बनाने के लिए मिट्टी और अन्य संसाधन को जुटाना अब काफी महंगा हो गया है, फिर भी अपनी परंपरा के अनुसार घर में मटके बनाने का कार्य आज भी जारी रखा है, जानकारी देते हुवे बताया कि लाल मिट्टी के मटके की अपेक्षा काली मिट्टी के मटके अधिक चिकनाहट होने के कारण पानी को अधिक ठंडा करते हैं। सिंघाना में काली मिट्टी की राजन (सुराही) और मटकों की मांग अधिक बनी हुई है।

# श्रीदादा दयालु हनुमानजी का मंदिर, जहां रामनवमी से लेकर हनुमान जयंती तक 90 वर्षो से 24 घंटे अखंड भजन कीर्तन होते है

**सरदारपुर।** इन्दौर अहमदाबाद मार्ग पर माही तट पर विराजित अत्यंत रमणिक मनमोहक सिद्ध क्षेत्र में स्थित दादा दयालु हनुमान का प्रसिद्ध मंदिर है। यहां पर चंगे बाबा ने इस स्थान को सिद्ध किया है। इनका नाम दयालु इसलिए पढा कि ये साफ सुथरे छल कपट से रहित भक्तो की मनोकामनाएं शीघ्र ही पूरी करते हैं। और इनके दर पर वही भक्त आ सकते हैं। यहां पर 90 वर्षों से रामनवमी से हनुमान जयंती तक अंखड भजन कीर्तन 24 घंटे दिन-रात होते है। जहां बारी बारी से दो दो घंटे के अंतराल से भक्तजन प्रस्तुति देते हैं। इस प्रकार 12 दल है जिनमें करीब 500 से अधिक पहरेदार सम्मिलित है। 12 से 4 तक महिलाएं भजनों की प्रस्तुतियां देती है।

इस आयोजन का इंतजार भक्तो को बड़ी सबरी से रहता है। भजन कीर्तन मे उन पहरेदारों की यादों और स्मरणो को याद किया जाता है, जिन्होंने वर्षों तक इस आयोजन में अपनी उपस्थिति दर्ज की थी, और जिनका प्रभू मिलन हो गया। किन्तु उनके भजनों की प्रस्तुतियों की अमिट यादे आज भी पहरा देती है, जैसे इस प्रतिनिधि ने ज्ञात किया।



### 12 दल में 500 से अधिक पहरेदार सम्मिलित है

पहरेदारों की स्मृति में सीताराम सीताराम कहिए, जाहे विधि राखे राम,ताहि विधि रहिए, प्रभू सेवक मदनलाल पंवार, अब सौप दिया है जीवन सब तुम्हारे हाथों में रमेशचंद्र पाठक, हरे राम हरे राम राम राम हरे, हरे कृष्णा हरे कृष्णा हरे हरे, मिश्रीलाल चौधरी, श्रीराम जानकी बैठे हैं मेरे सिने में प्रहर्ष तिवारी, लाल लंगोटो हाथ में सोटो, तेरी जय हो पवन कुमार, ओमप्रकाश शर्मा, गुरु मेरी पटिया पर रामनाम लिख दो, करणसिंह यादव, दुनिया चलेना श्रीराम के बिना, और रामजी चलेना हनुमान के बिना, हितेश गौराना, श्रीराम जानकी बैठे हैं मेरे सिने में, गोपाला पाठक, ना जी भरके देखा, ना कोई बात की बड़ी आरजू की मुलाकात, प्रथम गर्ग, सत्संग में म्हारो मन लागियो, अशोक आर्य, राधे राधे जपो, चले आएंगे बिहारी, निर्मोही अखाड़ा के अंशुल तिवारी इस आयोजन में पहरेदार भजनों पर झुम झुम पर नाचते हैं, कब भजन दल का समय पूरा हो जाता है पता नहीं लगता है। इधर श्रीदादा दयालु हनुमान मंदिर परिसर सुन्दर विधूत साजसज्जा से नजारा स्वर्ग जैसा लग रहा है,जो भक्तों को अपनी और आकर्षित करता है।

एक नजर ▶ अध्यक्ष के पति विष्णु पाटीदार द्वारा फर्जी बिल बनवाकर, मुझ पर भुगतान करने का बनाया जा रहा दबाव


# अग्निशामक की कमी, लोगों का पारा सातवें आसमान पर

### अग्निशमन वाहन मरम्मत के फर्जी बिलों पर सवाल, कार्रवाई की मांग

**धामनोद। दुर्घटना ग्रस्त हुए अग्निशमन वाहन की रिपेयरिंग को लेकर नगर में अब एक नया मोड़ ले लिया है। अध्यक्ष पति द्वारा बगैर प्रस्ताव पारित कराये, बगैर विज्ञप्ती प्रकाशित किये फर्जी बिलों के भुगतान को लेकर नप अधिकारी पर दबाव बनाते हुए धमकियाँ तक दी जा रही है।**

आपको बता दें कि विगत सात से आठ माह पूर्व 07 सितम्बर 2024 को नगर के अग्निषमन वाहन का गणेष घाट में एक हादसे में आग बुझाने के दौरान अन्य वाहन की टक्कर के बाद दुर्घटना हुई थी। जब से ही नगर में अग्निषमन वाहन नहीं होने से आग लगने के हादसों पर काबू पाने के लिए अन्य स्थानों से अग्निषमन वाहन आने में समय लगता है। जिसके कारण नुकसान बहुत बड़ा हो जाता है। नगर में भी तीन चार हादसे भी हो चुके हैं। जिसके कारण लोगों को बड़े नुकसान का सामना करना पड़ा है। जिसे लेकर कई बार लोगों ने ज्ञापन, धरने जैसे कदम भी उठाये गये मगर नगर का अग्निशमन आज तक नहीं सुधर पाया है। उल्टे लोगों को केवल और केवल आष्वासन देकर गुमराह एवं चुप रहने पर मजबूर किया जाता रहा है।

**नप अधिकारी माया मण्डलोई ने लगाये आरोप** - दुर्घटना ग्रस्त अग्निशमन वाहन रिपेयरिंग मामले में अब एक नया मोड़ सामने आया है। जिसे लेकर धामनोद नगर में नप अधिकारी माया मण्डलोई द्वारा एक पत्र के माध्यम से संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन विकास विभाग इंदौर, जिला कलेक्टर धार एवं धामनोद थाना प्रभारी को तात्कालिक सीएमओ बलराम भूरे और नगर परिषद की अध्यक्ष सीमा विष्णु पाटीदार के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की जा रही है। पत्र के माध्यम से आरोप है कि, नगर परिषद के अग्निशमन वाहन की रिपेयरिंग के नाम पर फर्जी बिल बनाये गए हैं और इन बिलों के भुगतान के लिए मुझ पर दबाव डाला जा रहा है। साथ ही पत्र में यह भी आरोप लगाया है कि अध्यक्ष पति विष्णु पाटीदार द्वारा धमकाया भी जाकर कहा जाता है कि बिलों का भुगतान नहीं करने पर मैं स्वयं संगठनों के साथ मिल पुरे पाटीदार समाज और रिष्तेदारों के साथ एकत्रित होकर धरना दुँगा और जगह जगह आग लगवाकर जन हानी करवाकर आपके विरुद्ध कार्यवाही कराऊँगा।




आवेदन में माया मण्डलोई ने यह भी बताया कि, उनका तबादला 16 अक्टूबर 2024 को हुआ था। लेकिन इससे पहले नगर परिषद का अग्निशमन वाहन गणेश घाट पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। स्थानांतरण के बाद तात्कालिक नप अधिकारी बलराम भूरे ने इस वाहन को मरम्मत के लिए लक्ष्मी इंडस्ट्री इन्दौर भूजा था। लेकिन जब माया मण्डलोई को 10 फरवरी 2025 को पुनः नगर परिषद धामनोद में कार्यभार सौंपा गया, तो उन्होंने 11 फरवरी 2025 को कार्यालय में उपस्थिति दर्ज की और अग्निशमन वाहन की स्थिति की जानकारी ली। उनके अनुसार, अग्निशमन वाहन की रिपेयरिंग को लेकर फाईल पुरी तरह से तैयार नहीं की गई, ठहराव प्रस्ताव पारित नहीं किये गये। कोई विज्ञप्ती प्रकाषित नहीं की गई। इसके अलावा 6 लाख रुपये का बिल प्राप्त हुआ। माया मंडलोई ने आवेदन में बताया कि, यह बिल पूरी तरह से संदिग्ध है, क्योंकि वाहन की मरम्मत होने से पहले ही इस बिल का आना ही सवालों के घेरे में था।

**फर्जी बिल और दबाव** -उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि, नगर परिषद अध्यक्ष सीमा विष्णु पाटीदार के पति ने एक एक लाख के 6 फर्जी बिल बनाए थे। जिनमें कोई तारीख या बिल क्रमांक तक नहीं था। नप अधिकारी माया मंडलोई ने बताया कि, इन फर्जी बिलों का भुगतान करने के लिए मुझ पर दबाव डाला जा रहा था।

### कार्रवाई की मांग

नप अधिकारी माया मण्डलोई ने पत्र के माध्यम से प्रशासन से मांग की है कि तात्कालिक नप अधिकारी बलराम भूरे और अध्यक्ष सीमा विष्णु पाटीदार के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर राशि की वसूली करें। उन्होंने यह भी कहा कि, यदि अग्निषमन वाहन नगर परिषद को उपलब्ध नहीं होता है और नगर व आसपास कहीं भी आग लगने से दुर्घटना की स्थिति उत्पन्न होती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी बलराम भूरे और सीमा विष्णु पाटीदार की होगी।

अधिकारी ने बताया कि, उन्हें यह धमकी भी दी गई कि यदि इन बिलों का भुगतान नहीं किया गया तो पाटीदार समाज व रिश्तेदारो के साथ धरना प्रदर्शन करके, अन्य स्थानों पर आग लगवाकर आपके विरुद्ध कार्रवाई करवाऊंगा।